C 24730 (Pages : 3) Name..................................

Reg. No...............................

SECOND SEMESTER B.Sc. (L.R.P.)/B.M.M.C. DEGREE EXAMINATION MAY 2017

(CUCBCSS–UG)

Common Course—Hindi

A09 (03)—LITERATURE IN HINDI

(2014 and 2015 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए (प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं ।):

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'फसल' कविता का कवि कौन है ?

(अज्ञेय, सर्वेश्वरदयाल सक्सेना, मुक्तिबोध, प्रसाद)

2 इनमें मोहन राकेश की कहानी कौन-सी है ?

(बाप-बेटा, मवाली, आदमी का बच्चा, ममता)

3 इनमें धूमिल की कविता कौन-सी है ?

(हिमालय के प्रति, शोक गीत, बीस साल बाद, नए इलाके में)

4 कबीर की वाणियों का संग्रह कौन-सा है ?

(साहित्य लहरी, कवितावली, बीजक, गीतावली)

5 'दिल्ली में एक मौत' का रचनाकार कौन है ?

(उषा प्रियंवदा, कमलेश्वर, मन्नू भंडारी, यशपाल)

(ख) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :

6 'अपना-पराया' कहानी का रचनाकार कौन है ?

7 सूरदास के गुरू कौन थे ?

8 'ताज' कविता का कवि कौन है ?

Turn over

9 'साकेत' किसकी काव्य रचना है ?

10 'औरतें' की रचना किसने की ?

(10 × 1 = 10 marks)

II. किन्हीं **दस** प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :

11 'मवाली' के लडके पर कौन-सा आरोप लगाया गया ?

12 विरह के संबंध में कबीर का क्या मंतव्य है ?

13 "बहिरो सुनै मूक पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराई"—इस पंक्ति का मतलब क्या है ?

14 "चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए
विपत्ति विघ्न जो पडे उन्हें ढकेलते हुए"

—कवि इन पंक्तियों के द्वारा क्या उपदेश देता है ?

15 "मानव ! ऐसी भी विरक्ति क्या जीवन के प्रति
आत्मा का अपमान, प्रेम और छाया से रति"

—इन पंक्तियों का कवि कौन है ? यह प्रसंग किस कविता से उद्धृत है ?

16 'बीस साल बात' का कवि अपने आप से कौन-कौन से प्रश्न पूछता है ?

17 'शोक गीत' की कवयित्री एक उत्कृष्ठ कविता क्यों लिख नहीं सकी ?

18 'नए इलाके में' कविता का उद्देश्य क्या है ?

19 डौली के पिता कुतिया के पिल्लों को क्यों बाँटना नहीं चाहते ?

20 चित्रगुप्त की परेशानी का क्या कारण है ?

21 "हमारे देखते-देखते इसने एक चम्मच गायब कर दिया । पूछा तो भाग खड़ा हुआ ।"—यह प्रसंग किस कहानी का है ? इसका रचनाकार कौन है ?

22 फौजी भटियारे पर क्यों नाराज़ होता है ?

(10 × 2 = 20 marks)

III. किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर (150 शब्दों में) लिखिए :

23 'फसल' कविता का भाव स्पष्ट कीजिए ।

24 सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

अखंडियाँ झांई परी, पंथ निहारि-निहारि ।
जीभडियाँ छाला परा, राम पुकारि-पुकारि ।।

25 सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

शव को दें हम रंग, आदर मानव का
मानव को हम कुत्सित चित्र बना दें शव का ?
गत युग के मृतत आदर्शों के ताज मनोहर
मानव के मोहांध हृदय में किए हुए घर ।

26 'दिल्ली में एक मौत' कहानी की प्रासंगिकता पर विचार कीजिए ।

27 'भोलाराम का जीव' कहानी का व्यंग्य समझाइए ।

28 'मवाली' के माध्यम से कहानीकार कौन-सी सामाजिक समस्या प्रस्तुत करता है ?

(4 × 5 = 20 marks)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए :

29 'आदमी का बच्चा' का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

30 'औरतें' कविता का भाव समझाइए ।

31 'मनुष्यता' कविता में अभिव्यक्त विचारों पर प्रकाश डालिए ।

(2 × 15 = 30 marks)